डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन्
राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर
(प्रशासनिक भवनः कडवड़, नागौर रोड़, जोधपुर)

क्रमांकः डॉ.एस.आर.रा.आ.वि.वि. / परीक्षा / 2025 / 61 दिनांक : 17/1/25

कार्यालय आदेश

डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा आयोजित विद्या परिषद् दिनांक 25 अक्टूबर, 2024 एवं प्रबंध बोर्ड उपवेशन दिनांक 19.12.2024 में बी.एन.वाई.एस. पाठ्यक्रम बैच 2020 एवं उनके पश्चात् समस्त प्रवेशित छात्रों को क्रमोन्नत (Promote) एवं परीक्षा सम्बंधित निर्णय पारित किये गये जो निम्नानुसार है :-

1. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के कुल विषयों में सें न्यूनतम 50 प्रतिशत विषयों में उत्तीर्ण होने पर ही अगली कक्षा में क्रमोन्नत (Promote) होगा। यथा - 09 विषयों में से 05 विषयों में छात्र के उत्तीर्ण होने पर छात्र अग्रिम कक्षा में क्रमोन्नत (Promote) होगा।
2. प्रथम वर्ष में न्यूनतम 50 प्रतिशत विषयों में उत्तीर्ण छात्र को नियमानुसार द्वितीय वर्ष में क्रमोन्नत (Promote) होने के पश्चात् प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित किया जा सकता है किन्तु द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने से पूर्व शैक्षणिक अवधि पूर्ण होना अनिवार्य है।
3. तृतीय वर्ष में क्रमोन्नत (Promote) होने के लिये प्रथम वर्ष के समस्त विषय उत्तीर्ण व द्वितीय वर्ष के न्यूनतम 50 प्रतिशत विषयों में उत्तीर्ण होने के पश्चात् द्वितीय व तृतीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित किया जा सकेगा किन्तु तृतीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने से पूर्व शैक्षणिक अवधि पूर्ण होना अनिवार्य है।
4. चतुर्थ वर्ष में क्रमोन्नत (Promote) होने के लिये तृतीय वर्ष के न्यूनतम 50 प्रतिशत विषय में उत्तीर्ण होने के पश्चात् क्रमोन्नत (Promote) होगा किन्तु चतुर्थ वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के सभी विषय में उत्तीर्ण एवं शैक्षणिक अवधि पूर्ण होना अनिवार्य है।

अतः उपरोक्तानुसार बी.एन.वाई.एस. पाठ्यक्रम बैच 2020 एवं उनके पश्चात् समस्त प्रवेशित समस्त छात्रों को क्रमोन्नत (Promote) एवं परीक्षा सम्बंधित विद्या परिषद् व प्रबंध मण्डल में पारित निर्णय को लागू किया जाता है।

17/1/25
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः डॉ.एस.आर.रा.आ.वि.वि./परीक्षा/2025/62-65 **दिनांकः** 17/1/25

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है -

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, डॉ. एस.आर. राज. आयुर्वेद वि.वि. जोधपुर।
2. निजी सचिव, माननीय कुलसचिव महोदय, डॉ. एस.आर. राज. आयुर्वेद वि.वि. जोधपुर।
3. प्राचार्य समस्त राजकीय व निजी बी.एन.वाई.एस. महाविद्यालय।
4. रक्षित पत्रावली।

17/1/25
परीक्षा नियंत्रक